NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :–31, पृष्ठ : 12 | बुधवार, 06 अगस्त, 2025 | मूल्य– 03.00 रुपये मात्र

# किन्नौर में बादल फटा

## कैलाश यात्रा रुकीः आईटीबीपी ने 413 तीर्थयात्रियों को बचाया



**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर स्थित तंगलिंग में बुधवार को बादल फटने से बाढ़ जैसे हालात हो गए। घटना का एक भयावह वीडियो सामने आया है, जिसमें पहाड़ से चट्टान और मलबे का सैलाब नीचे सड़क पर गिरते दिखा।

अचानक आई बाढ़ से कैलाश यात्रा रूट पर दो पुल बह गए। बाकी का रास्ता भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण यात्रा रोक दी गई है। कई श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीम ने जिपलाइन की मदद से 413 तीर्थयात्रियों को बचाया है। किन्नौर के रिब्बा गांव के पास रालडांग खड्ड में भी बादल फटा। इससे नेशनल हाईवे-5 भी बंद हो गया है। हाईवे के लगभग 150 मीटर हिस्से पर कीचड़ और बड़े-बड़े पत्थर जमा हो गए हैं। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इससे पहले मंगलवार रात में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर भी लैंडस्लाइड हुई। सड़कों पर बड़ी-बड़ी चट्टान गिरने से राज्य में 500 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। शिमला, मंडी, सोलन और कुल्लू जिले में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। इससे पहले उत्तराखंड के धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने से भारी तबाही मच गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। कर्णप्रयाग में पहाड़ ढहने से बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद हो गया। हरिद्वार-देहरादून रेल पर चट्टान गिरने से रेल परिचालन ठप पड़ा है। मौसम विभाग ने बुधवार को केरल में भी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, कर्नाटक, तमिलनाडु और पुडुचेरी में ऑरेंज अलर्ट और उत्तराखंड-बिहार समेत 20 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया है।

## मानसून सत्रःविपक्ष का बिहार एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का आज 13वां दिन है। सदन शुरू होते ही विपक्ष ने बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन मामले पर हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। लोकसभा में आज नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 और एंटी-डोपिंग अमेंडमेंट एक्ट पर चर्चा होने की संभावना है। बिल को 23 जुलाई को खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में पेश किया था। इन दोनों बिलों पर लोकसभा में कल चर्चा होनी थी लेकिन विपक्ष के बिहार वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन मामले पर प्रदर्शन और हंगामे के कारण दोनों बिल पर चर्चा नहीं हो सकी। इसके बाद कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज मन बहुत दुखी है। बीते दिन राज्यसभा में मणिपुर में लागू राष्ट्रपति शासन की अवधि छह महीने और बढ़ाने का प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

## रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, 5.5% पर बरकरार



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मुंबई में आज प्रमुख नीतिगत दरों की घोषणा की। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने तटस्थ रुख जारी रखने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि ब्याज दरों को भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति और देश में मौजूद क्षमता को देखते हुए तय किया गया है। संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट में कमी का एलान नहीं किया। ऐसे में नीतिगत दरों से जुड़े ऋणों की ईएमआई में फिलहाल बदलाव नहीं होने वाली। इससे पहले उन्होंने जून की मॉनेटरी पॉलिसी में रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट्स में कमी का एलान किया था। अप्रैल की पॉलिसी में भी केंद्रीय बैंक ने 25 बेसिस प्वाइंट्स की कमी की थी। फिलहाल यह 5.50% पर बरकरार है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए विकास दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने आगे कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से अल्पकालिक उधार दर या रेपो दर को तटस्थ रुख के साथ 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है।

## एमपी-एमएलए कोर्ट से राहुल गांधी को मिली जमानत

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी झारखंड के चाईबासा की एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में पेश हुए। राहुल गांधी मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची पहुचे थे। वहां वह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के अंतिम संस्कार में भी सम्मिलित हुए। जिसके बाद वह रांची के एक होटल में रुके थे और आज चाईबासा की अदालत में पेश हुए। पेशी के बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। कोर्ट ने उन्हें ट्रायल में सहयोग करने की शर्त पर जमानत दी है। बता दे कि यह पूरा मामला वर्ष 2018 से जुड़ा हुआ है।

## मोहाली में ऑक्सीजन सिलेंडर प्लांट में धमाका, दो की मौत

**मोहाली।** पंजाब के मोहाली ज़िले में बुधवार सुबह एक ऑक्सीजन सिलेंडर प्लांट में हुए भीषण विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, मोहाल के औद्योगिक क्षेत्र, फेज-9 स्थित एक प्लांट में हुए विस्फोट की आवाज दूर तक सुनाई दी। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद उप-मंडल मजिस्ट्रेट सहित पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का आकलन करने और बचाव कार्यों का निरीक्षण करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए मोहाली के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि तीनों गंभीर रूप से घायल हैं और उनकी स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और आगे की जांच जारी है। डीएसपी हरसिमरन सिंह बल ने कहा कि संयंत्र में एक विस्फोट हुआ है।



# धराली त्रासदी- 30 से ज्यादा बचाए गए, रेस्क्यू जारी

## एक शव बरामद, अब तक 4 की मौतः10 जवानों समेत 50 से ज्यादा लापता





**देहरादून।** उत्तराखंड में उत्तरकाशी के धराली गांव में मंगलवार दोपहर करीब 1.45 बजे बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार सुबह रेस्क्यू-सर्च ऑपरेशन के दौरान एक डेडबॉडी बरामद की गई। उसकी पहचान की जा रही है।

50 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। कल से लेकर अभी तक 130 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और आर्मी की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं। बुधवार सुबह पीएम मोदी ने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। इसके बाद धामी ने धराली और दूसरी जगहों का एरियल सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मीटिंग भी की। गंगोत्री तीर्थयात्रियों के प्रमुख पड़ाव धराली गांव के बाजार-मकान, होटल बह गए खीर गंगा नदी में पहाड़ों से बहकर आए मलबे से बहे, सिर्फ 34 सेकेंड में ये बबार्दी हुई। हर्षिल में सेना के 8-10 जवान बादल फटने के बाद से लापता हैं।

धराली गांव में 1864, 2013 और 2014 में भी पहाड़ पर बादल फटे। इससे खीर नाले ने तबाही मचाई। भूगर्भ वैज्ञानिकों ने तीनों ही आपदाओं के बाद धराली गांव को कहीं और बसाने की सलाह राज्य सरकार को दी। यह भी बताया कि आपदा के लिहाज से धराली टाइम बम पर बैठा है। लेकिन, इसे शिफ्ट नहीं किया गया। वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. एसपी सती बताते हैं कि धराली ट्रांस हिमालय (4 हजार मी. से ऊपर) में मौजूद मेन सेंट्रल थर्स्ट में है। यह एक दरार होती है, जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। ये भूकंप का अति संवेदनशील जोन भी है। जिस पहाड़ से खीर गंगा नदी आती है, वो 6 हजार मी. ऊंचा है, जब भी वहां से सैलाब आता है, धराली को तहस-नहस कर देता है। करीब 6 महीने पहले पहाड़ी का एक हिस्सा टूटकर खीर नदी में गिर रहा था। लेकिन ये अटक गया था। संभवतः इस बार वही हिस्सा टूटकर नीचे आया है। आपदा में धराली में स्थित प्राचीन कल्प केदार महादेव मंदिर भी मलबे में दफन हो गया। भागीरथी नदी किनारे स्थित 1500 साल पुराना यह मंदिर पंच केदार परंपरा से जुड़ा है।

## सांसद इकरा हसन से अभद्रता मामले की जांच पूरी

# अफसर को क्लीन चिट, साबित नहीं हुए आरोप



**लखनऊ।** कैराना सांसद इकरा हसन की तरफ से फरवरी माह में की गई सदर तहसील के तत्कालीन एसडीएम की शिकायत के मामले में जांच पूरी हो गई है। जांच में एसडीएम की तरफ से अवैध कब्जे की कार्रवाई को निष्पक्ष बताते हुए उन्हें क्लीन चिट दी गई। अभद्रता का मामला भी साबित नहीं हो सका।

हालांकि इस रिपोर्ट के बाद मंडलायुक्त की तरफ से सभी अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं कि जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। वहीं, सांसद इकरा हसन ने पिछले दिनों एडीएम प्रशासन की तरफ से किए गए अभद्र व्यवहार का मामला संसद में उठाया है।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया था और कार्यालय से बाहर जाने के लिए कहा था। इस मामले में अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। बता दें, कि सांसद इकरा हसन ने मंडलायुक्त को शिकायत भेजी थी, जिसमें बताया था कि वह छुटमलपुर चेयरपर्सन के साथ एडीएम कार्यालय पहुंचीं थीं। वहां पर एडीएम का व्यवहार अशोभनीय था।

मंडलायुक्त ने इस मामले में डीएम को जांच के आदेश दिए। डीएम के आदेश पर एडीएम वित्त एवं राजस्व ने मामले की जांच की। जांच पूरी होने के बाद मंडलायुक्त के पास पूरे मामले की रिपोर्ट पहुंची। इसमें बताया गया कि तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत पर कार्रवाई की गई थी।

जांच में आया कि मकान नहीं गिराया गया, बल्कि तालाब की जगह दीवार बनाकर अस्थाई अवैध कब्जा किया गया था, जिसमें गेहूं व चारा काटने की मशीन खड़ी थी। उन्हें बाहर निकलवाकर अतिक्रमण हटवाया गया।

जांच में आया कि तालाब की भूमि से नियमानुसार व निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा हटवाया गया। इसके साथ ही सांसद के साथ फोन पर उनकी गरिमा के अनुरूप मर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। उधर, मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जनप्रतिनिधियों के मर्यादित एवं सम्मानजनक व्यवहार करें।

# बंधकों को भूखा रख रहा हमासः इजरायल



**येरूशलम।** इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक में बंधकों को रिहा किए जाने की मांग की है। इजरायल ने बंधकों की हालत को देखते हुए यह बैठक बुलाई थी। दरअसल, हाल में एक वीडियो सामने आया था जिसमें एक बंधक एव्यातर डेविड को अपनी ही कब्र खोदते हुए दिखाया गया था। बंधक का यह वीडियो सामने आने के बाद इजरायल भड़क गया है। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 100 से अधिक लोगों की भुखमरी के कारण मौत हो गई है जिनमें कई बच्चे शामिल हैं। गाजा में इजरायल के हमले जारी हैं।

इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने परिषद के कुछ अन्य सदस्यों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। वह परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क आए हैं। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायल में हुए हमले के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को भूखा रखा गया, जबकि आतंकवादी मांस, मछली और सब्जियां खा रहे हैं। सार ने दावा किया कि इजरायल, गाजा में भारी मात्रा में सहायता सामग्री पहुंचने दे रहा है, लेकिन हमास खाद्य सामग्री को लूट रहा है और उन्हें बेचकर पैसे कमा रहा है।

इजरायल के शीर्ष राजनयिक ने यह भी आरोप लगाया कि हमास, इजरायल के साथ युद्ध जारी रखना चाहता है, ना कि युद्धविराम के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र में ब्रिटेन की राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई का समर्थन किया।

उन्होंने दुष्प्रचार के उद्देश्य से बंधकों की परेड कराने की निंदा करते हुए इसे घृणित कृत्य बताया। कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शीया ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार किया है कि गाजा में भुखमरी है और अमेरिका नागरिकों को सहायता पहुंचाने के लिए काम कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन के राजदूत रियाद मंसूर ने 24 वर्षीय एव्यातर डेविड के व्यथित करने वाले वीडियो पर कहा, हम किसी के भी साथ, विशेषकर बंधक बनाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सभी प्रकार के अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार को अस्वीकार करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा, इजरायल दुनिया से भुखमरी के खिलाफ खड़ा होने की मांग कर रहा है जबकि वास्तव में वह एक बड़ी आबादी को भूखा मार रहा है।

# सशस्त्र बलों के लिए 67000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को सशस्त्र बलों के लिए हथियारों की खरीद और रखरखाव की कई प्रमुख सैन्य परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। ये परियोजनाएं 67,000 करोड़ रुपये की लागत की बताई जा रही है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (ऊअउ) ने इन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जानकारी के मुताबिक, हथियारों की इस खरीद का मकसद भारत की सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

रक्षा मंत्रालय की ओर से भारतीय नौसेना के लिए कॉम्पैक्ट ऑटोनॉमस सरफेस क्राफ्ट, ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम और लांचर की खरीद और बराक-1 प्वाइंट डिफेंस मिसाइल सिस्टम के अपग्रेडेशन को मंजूरी दी गई है। नौसेना के लिए पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभियानों में खतरे का पता लगाने, और उन्हें बेअसर करने के लिए कॉम्पैक्ट ऑटोनॉमस सरफेस क्राफ्ट की खरीद की जाएगी।

रक्षा मंत्रालय की ओर से वायुसेना के लिए, पर्वतीय रडार की खरीद और सक्षम/स्पाइडर वेपन सिस्टम के अपग्रेडेशन को मंजूरी दे दी गई है। पर्वतीय रडार की खरीद से पर्वतीय क्षेत्र में सीमाओं पर नजर रखने के साथ ही हवाई निगरानी क्षमता में बढोतरी होगी। वहीं, सक्षम/स्पाइडर प्रणाली के अपग्रेडेशन से एयर डिफेंस बढोतरी में वृद्धि होगी।

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए बीएमपी इंफैंट्री (पैदल सेना) लड़ाकू वाहनों के लिए थर्मल इमेजर-आधारित ड्राइवर नाइट-साइट के खरीद के लिए शुरूआती मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय की ओर से भारत की तीनों सेनाओं के लिए मध्यम ऊंचाई पर लंबी दूरी के (मेल) हारिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (आरपीए) की खरीद के लिए भी प्रारंभिक स्वीकृति दी गई है। सी-17 और सी-130जे विमानों के बेड़े के रखरखाव के लिए शुरूआती मंजूरी और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के व्यापक वार्षिक रखरखाव के अनुबंध को भी स्वीकृति दी गई है।

# 'मुझे नीतीश कुमार पर भरोसा है'

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार में विपक्षी दलों पर राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर उनके पिछले बयानों को ₹बढ़ा-चढ़ाकर₹ पेश करके एनडीए में दरार डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया। जुलाई में चिराग पासवान ने कहा था कि उन्हें बिहार में उस सरकार का समर्थन करने पर दुख हो रहा है, ₹जो कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर इस तरह विफल हो रही है।₹ उनका यह बयान 24 जुलाई को बोधगया में बिहार सैन्य पुलिस की एक अभ्यर्थी के साथ सामूहिक बलात्कार और बिहार में हाल ही में हुए हिंसक अपराधों के मद्देनजर आया था। चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी एक जनप्रतिनिधि और सत्तारूढ़ गठबंधन में एक सहयोगी के रूप में थी। ₹मैं जनता के मुद्दों को जनता के सामने रखने की कोशिश करता हूं। चिराग पासवान ने दावा किया कि इस बार चुनाव में भी एनडीए की सरकार बनेगी। हम 225 से अधिक सीटें जीतेंगे और सरकार बनाएंगे। हम साथ-साथ हैं।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )



पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब वृंदावन में भी दिखने लगा है। यमुना नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे यमुना तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि, यमुना अभी भी खतरे के निशान से नीचे बह रही है, लेकिन प्रशासन सतर्क है और किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जलस्तर बढ़ने का प्रत्यक्ष असर वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित प्रसिद्ध केसी घाट पर देखा जा रहा है। यहां सीढ़ियां जलमग्न हो गई हैं। इससे परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## हाथ में ड्रिप और कंबल में लिपटी विवाहिता की लाश

एनएनआई

**मथुरा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने कमरे से करीब दो दिन पुराना शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कृष्णा नगर चौकी क्षेत्र में सुखदेव नगर मदीना मस्जिद के पास रहने वाले रफीक ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी आसमां (40) की शादी 20 साल पहले हाथरस के रहने वाले इकराम साथ की थी। दोनों से चार बच्चे भी हैं। डेढ़ साल पहले वह चांद के संपर्क में आ गई। इसके बाद चांद और आसमां सुखदेव नगर में ही किराए के मकान में रहने लगे। परिजन ने समझाया तो आसमां अपने पति के पास चली गई। आरोप है कि एक माह पहले चांद फिर आसमां को बहला-फुसला कर ले गया। सोमवार को अचानक कमरे से बदबू आने लगी। मकान मालिक ने खिड़की से झांक कर देखा तो आसमां कंबल में लिपटी हुई पड़ी थी। संदेह होने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो आसमां मृत मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पिता ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। सीओ आशना चौधरी ने बताया कि महिला के हाथ में ड्रिप लगी हुई थी। देखने से वह बीमार भी लग रही थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अगर पीड़ित की तरफ से कोई प्रार्थना पत्र मिलेगा तो कार्रवाई होगी।

## हाथरस में अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार, 5 बाइक बरामद



एनएनआई

**हाथरस।** एसओजी टीम और थाना हसायन पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने हसायन-पुरदिलनगर रोड पर शंकरपुर मोड के पास से इन बदमाशों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की 5 मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। थाना हसायन पुलिस द्वारा इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वे अपने साथी पंकज पुत्र तेज सिंह निवासी बस्तोई थाना हसायन के साथ मिलकर दिल्ली, गुड़गांव, गाजियाबाद, अलीगढ़ आदि स्थानों से एकांत जगहों पर खड़ी मोटरसाइकिलों का लॉक तोड़कर चोरी करते थे।

चोरी के बाद वे मोटरसाइकिलों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर और इंजन/चेसिस नंबर बदलकर अनजान लोगों को बेच देते थे। इससे मिलने वाले पैसे आपस में बराबर-बराबर बांट लेते थे। आरोपियों ने बताया कि बरामद बुलेट मोटरसाइकिल को उन्होंने अपने साथी पंकज के साथ मिलकर गुड़गांव से चोरी किया था। इसके इंजन और चेसिस नंबर को बदलकर वे इसका इस्तेमाल कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में अमित पुत्र सतेंद्र निवासी करारमई और बॉबी पुत्र रामऔतार निवासी बदनपुर, दोनों थाना हसायन जनपद हाथरस के रहने वाले हैं। अमित एक शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ थाना हसायन में चोरी, नकबजनी और मारपीट के मामले दर्ज हैं। पुलिस फरार आरोपी पंकज पुत्र तेज सिंह निवासी बस्तोई थाना हसायन की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है।

## किसानों ने उठाई फर्जी लोन, खत्ता घर और बिजली कटौती की समस्या

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** चाणक्य फाउंडेशन के नेतृत्व में किसानों ने तीन प्रमुख मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कई समाजसेवी संगठन और किसान संगठनों ने भी सहभागिता की।

प्रदर्शन का पहला मुद्दा किसान महीपत सिंह गुर्जर की जमीन से जुड़ा था। उनकी जमीन पर फर्जी तरीके से दस लाख रुपए का लोन लिया गया है। जिलाधिकारी के कार्यालय में कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई



कार्रवाही नहीं हुई है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर तुरंत कार्रवाही की जाए। दूसरी मांग नगला पान सहाय के सामने बनाए गए खत्ता घर को हटाने की है। इस खत्ता घर के कारण आसपास के लगभग दस गांवों के निवासियों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने इसे तुरंत हटाने की मांग की है। तीसरी मांग क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या से संबंधित है। वर्तमान में क्षेत्र में पांच घंटे भी सही से बिजली नहीं मिल पाती है। प्रदर्शनकारियों ने बिजली कटौती के समय को कम करने की मांग की है।

चाणक्य फाउंडेशन के नेतृत्व में आयोजित इस धरने में विभिन्न समाजसेवी संगठनों और किसान संघों ने एकजुटता दिखाई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अपना आंदोलन और तेज करेंगे।

## रक्षाबंधन के लिए ठाकुर जी को भेज रहीं राखियां...

एनएनआई

**मथुरा।** ये ठाकुर बांकेबिहारीजी के प्रति भक्तों की आस्था ही है जिस भक्त ने अपने आराध्य को जिस रूप में देखा, उसी रूप में भगवान भी उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। यही कारण है देश-दुनिया के भक्त आराध्य की एक झलक पाने को भागे चले आते हैं। फिर भले ही उन्हें कितनी ही दिक्कतों का सामना क्यों न करना पड़े।

अब नौ अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व आ रहा है, तो हजारों युवतियां और महिलाएं ऐसी हैं जिनके या तो भाई नहीं हैं या फिर उन्होंने भाई होने के बावजूद ठाकुर बांकेबिहारीजी के दर्शन एक भाई के रूप में किए। वह महिलाएं एवं युवतियां हर वर्ष ठाकुरजी के लिए रक्षाबंधन पर कलाई पर बांधने के लिए पत्र भेजती हैं। यह राखियां



अब मंदिर कार्यालय में पहुंचने लगी हैं। अब तक दो सौ से अधिक राखियां पहुंच चुकी हैं।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर कार्यालय में हर दिन डाक व कुरियर के जरिए सैकड़ों पैकेट राखी के पहुंच रहे हैं। देश के विभिन्न शहरों में रहने वाली युवतियों, महिलाओं की राखियां आने लगी हैं। मंदिर प्रबंधक उमेश सारस्वत ने बताया कि हर वर्ष मंदिर कार्यालय में देश के विभिन्न शहरों से बहनें राखी भेजती हैं। राखियों का आना शुरू हो चुका है। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व युवतियों ने राखी भेज ही है। ये आंकड़ा रक्षाबंधन तक बहुत अधिक बढ़ जाएगा। राखियों के साथ महिलाओं के पत्र भी शामिल होते हैं। इन्हें अभी मंदिर कार्यालय में संरक्षित करके रखा जा रहा है। मंदिर प्रबंधक उमेश सारस्वत ने बताया हर वर्ष महिलाएं एवं युवतियां ठाकुरजी की कलाई पर बांधने के लिए राखी भेजती हैं। इस वर्ष भी राखी आ रही हैं। इन्हें संरक्षित करके रखा जा रहा है। रक्षाबंधन के दिन सेवाधिकारी को राखी दे दी जाएंगी। ताकि वे बहनों की राखियों को ठाकुरजी को अर्पित कर सकें।

मंदिर सेवायत श्रीनाथ गोस्वामी ने बताया मंदिर में आने वाली राखियों के साथ बहनों के पत्र भी आते हैं। वे अपनी भावनाओं के अनुसार ठाकुरजी को पत्र लिखती हैं, कोई परिवार की समृद्धि मांगती हैं, तो किसी के सामने कोई परेशानी होती है, तो वह ठाकुरजी के समक्ष रखकर दिक्कत से मुक्ति दिलाने की कामना करती है। सारी राखियों को रक्षाबंधन के दिन ठाकुरजी को अर्पित करने के साथ जो पत्र आ रहे हैं सेवाधिकारी ठाकुरजी को पढ़कर सुनाएंगे।

# खामोश: मन की बात कर रही हूं, एएनएम ने पीएम मोदी की फोटो वाला बैनर हटाया

- कर्मचारी ने वीडियो बना किया वायरल, जांच

**आगरा** एनएनआई। जिला महिला अस्पताल में तैनात एक एएनएम पर आरोप है कि उसने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का बैनर उतारकर डस्टबिन में फेंक दिया। जब कर्मचारी ने विरोध किया तो थप्पड़ मारने की धमकी दी। बोली कि बुला लो मोदी जी को, फोन मिलाओ, मैं मन की बात कर रही हूं, साइलेंट, मैं तेरा मुंह लाल कर दूंगी, तुम कोई नहीं हो, बुलाओ मोदीजी को...। कर्मचारी ने वीडियो बनाया। यह वायरल हो गया। इस पर सीएमओ ने जांच के आदेश किए हैं।

सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए। यह 1 मिनट 19 सेकंड का है। महिला जिला अस्पताल के जन औषधि केंद्र में दुष्यंत कुमार दीक्षित तैनात हैं। वीडियो उनका ही बताया गया है। वो एएनएम से पूछ रहे हैं कि मैडम आपने जन औषधि केंद्र का बैनर क्यों उतारा है। इस पर वो कहती हैं कि टेबल पर कपड़ा नहीं है। वो इसे लगा लेंगी। इस पर युवक कहता है कि क्यों लगा लेंगी। युवक बार बार पूछ रहा है कि बैनर जन औषधि केंद्र का क्यों निकाला।

इस पर प्रधानमंत्री की फोटो लगी है। एएनएम बार-बार थप्पड़ मारने की बात कहते हुए रास्ते से हटने के लिए कह रही है। साथ यह भी कहती है कि उन्होंने बैनर डस्टबिन में फेंक दिया है। धमकी दी कि उसे निकालकर लाओ। इसे वो टेबल पर लगा लेंगी। दूसरा वीडियो 1 मिनट 3 सेकंड का है। इसमें कर्मचारी डस्टबिन से बैनर उठाते हुए नजर आ रहे हैं। वह डस्टबिन के पास टेबल लगाकर बैठी महिला कर्मचारियों से बैनर नहीं निकालने पर सवाल भी कर रहे हैं। उन्होंने मोदी जी की फोटो लगे बैनर को डस्टबिन में डालने पर कार्रवाई की मांग की। वह माफी मांगें।

महिला जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षिका डॉ. रचना गुप्ता ने कहा कि एएनएम अनीता है। वो जयपुर की रहने वाली हैं। इनकी सीएमओ ने नियुक्ति की है। उनका नौकरी का पहला दिन था। कार्रवाई के लिए सीएमओ को पत्र लिखा गया है। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव का कहना है इनका वीडियो देखा है। प्रमुख अधीक्षिका से उनकी रिपोर्ट मांगी है। कार्रवाई की जाएगी।

# पाइप फैक्टरी में मशीन की चपेट में आया कारीगर, मौत

- परिजनों ने किया मुआवजे को लेकर हंगामा
- पुलिस ने समझा-बुझाकर किया शांत

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला क्षेत्र में फाउंड्री नगर स्थित पाइप फैक्टरी में एक कारीगर की प्लास्टिक मिक्सर मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजन पहुंच गए। मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

नगला मोहनलाल निवासी चरण सिंह यादव उर्फ गुड्डू (52) और उनके भाई पोप सिंह कई साल से हाथरस मार्ग स्थित जय पुष्पा इंडस्ट्रीज (पाइप फैक्ट्री) में कार्य कर रहे थे। मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे लंच के बाद वह दूसरी मंजिल पर आए। एसीपी छत्ता पियूष



कांत राय ने बताया कि कारीगर मिक्सर मशीन को साफ कर रहे थे। उसी समय अचानक मशीन चालू हो गई और इसकी चपेट में आकर गुड्डू घायल हो गया। जबकि पोप सिंह थोड़ी दूरी पर थे, जिससे वह बच गए। उनकी चीख सुनकर दूसरे कर्मचारी बचाने के लिए पहुंच गए। मशीन को बंद कर दिया। गुड्डू बचाने के लिए गुहार लगा रहे थे। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला जा सका, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने मुआवजे के लिए हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाया।

**बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल**

मृतक चरण सिंह के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उनके दो बेटे बालकिशन और आकाश हैं। जबकि तीन बेटियां नीतू, भावना और ममता हैं। बालकिशन और नीतू शादीशुदा हैं। परिजनों ने फैक्टरी मालिक से मुआवजे की मांग की। उनका कहना था कि घर में चरण सिंह अकेले कमाने वाले थे। पिता की मौत से बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सख्ती: ट्रैफिक पुलिस ने एक दिन में काटे हजारों चालान



एनएनआई

**आगरा।** सड़कों पर जाम से निजात दिलाने में नाकाम यातायात पुलिस ने एक ही दिन में हजारों वाहनों के चालान काट दिए। एमजी रोड पर यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर एक दिन में ही बिना हेलमेट 3515 वाहनों के चालान काट दिए। वहीं तीन सवारी बैठाने पर 95 के खिलाफ कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस ने मंगलवार को एमजी रोड और हाई-वे पर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया। इस दौरान 3515 दोपहिया वाहनों के बिना हेलमेट के चालान काटे गए। तीन सवारी बैठाने पर 95 के खिलाफ कार्रवाई की गई। बिना सीट बेल्ट 45 वाहनों के चालान हुए। 7 को सीज भी किया गया। हरीपर्वत, भगवान टाकीज और क्लब चौराहे पर बिना हेलमेट 3515 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। 3 को सीज कर दिया गया। सुल्तानगंज पुलिया, सिकंदरा तिराहा पर बिना सीट बेल्ट वाले 45 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एक को सीज भी किया गया। साईं का तकिया, फूल सैय्यद पर 95 दोपहिया वाहनों के तीन सवारी बैठाने पर चालान किए गए। 3 को सीज कर दिया। अपर पुलिस उपायुक्त अमिता सिंह ने बताया कि नियमों के उल्लंघन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# धर्मांतरण: अब्दुल रहमान ने उगले राज, कई चेहरे होंगे बेनकाब

एनएनआई

**आगरा।** अवैध धर्मांतरण गिरोह के मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान को मंगलवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में कई और नामों का पता चला है। यह लोग गिरोह के लिए काम कर रहे थे। फंडिंग से लेकर युवतियों को धर्मांतरण के लिए तैयार करने में मदद कर रहे थे। पुलिस अब इनके बारे में जानकारी जुटा रही है। जल्द ही और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। पुलिस गिरोह के पाकिस्तान, नेपाल और म्यांमार से कनेक्शन की भी पड़ताल कर रही है। गिरोह के 13 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

18 जुलाई को पुलिस ने सदर क्षेत्र की रहने वाली दो सगी बहनों को कोलकाता के तपसिया इलाके से बरामद किया था। साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों से 10 आरोपियों को भी दबोचा था। आरोपियों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार



पर गिरोह के दिल्ली निवासी मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान उर्फ महेंद्र पाल सिंह को 21 जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वह पुलिस की रिमांड पर ही था। उससे पूछताछ के बाद उसके दो बेटों समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। उससे गिरोह के बारे में जानकारी जुटाई गई।

उसके मोबाइल में व्हाट्सएप चैट और कॉल डिटेल भी खंगाली गई, जिसमें पाकिस्तान के छह नंबरों का भी पता चला। पुलिस ने अब्दुल रहमान के अलावा 13 अन्य आरोपियों से भी पूछताछ की। इसमें गिरोह से जुड़े 20 से अधिक और भी नाम सामने आए हैं। यह लोग फंडिंग से लेकर धर्मांतरण के लिए युवतियों को तैयार करते थे। यह सभी अलग-अलग राज्य के रहने वाले हैं। इनके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

पुलिस के मुताबिक, अब्दुल रहमान मूलरूप से फिरोजाबाद का रहने वाला है। उसने 35 साल पहले धर्म परिवर्तन किया था। उसका नाम महेंद्र पाल था। मजदूरी करता था। बाद में वह दिल्ली में जाकर बस गया। वह जेल में सजा काट रहे कलीम सिद्दीकी के लिए काम करने लगा। उसका नेटवर्क चला रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके घर से बड़ी संख्या में पुस्तकें बरामद की थीं। इन पुस्तकों को धर्मांतरण के लिए युवक और युवतियों को दिया जाता था। इसमें कलीम सिद्दीकी और अब्दुल रहमान का नाम लिखा था।

**कॉल डिटेल और व्हाट्सएप चैट**

आरोपी की कॉल डिटेल व व्हाट्सएप चैट से पाकिस्तान के अलावा नेपाल, म्यांमार तक जाने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने कहा कि अब्दुल रहमान बड़े स्तर पर सामूहिक धर्मांतरण की योजना बना रहा था। यह सभी आरोपी के खिलाफ कोर्ट में सजा दिलाने के लिए मजबूत साक्ष्य बनेंगे।

फिरोजाबाद के रजावली के गांव रामगढ़ निवासी अब्दुल रहमान उर्फ महेंद्रपाल अपने पिता प्रेमपाल सिंह, भाई भूरा और देवेंद्र खेती किया करता था। पिता के नाम करीब 60 बीघा से अधिक खेती थी, लेकिन कुछ गलत आदतों के चलते खेत बेच दिया गया था। ग्रामीणों के अनुसार, अब्दुल उर्फ महेंद्र और उसके भाई भूरा ने मुस्लिम लड़कियों से शादी की थी।

महेंद्र के भाई भूरा की जमीन के विवाद की रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पूरा परिवार मकान बेचकर गांव छोड़कर चला गया था। उसका ब्रेनवॉश कर दिल्ली में धर्मांतरण कराया गया। अब्दुल रहमान के घर से काफी मात्रा में धार्मिक सामग्री बरामद हुई है। इसमें ब्रेनवॉश करने वली किताबें भी शामिल हैं। जांच के दौरान पता चला है कि अब्दुल रहमान ने 1990 में हिन्दू धर्म को छोड़कर इस्लाम धर्म अपनाया था। वह मूलरूप से फिरोजाबाद का रहने वाला है। इसने मुस्तफाबाद इलाके में अपना एक दफ्तर बनाया हुआ था।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 06 अगस्त, 2025


# मुख्यमंत्री योगी ने की विकास कार्यों की समीक्षा, अटलपुरम योजना का शुभारंभ






### अटलपुरम योजना का शुभारंभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा विकास प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित अटलपुरम योजना का शुभारंभ किया। यह योजना 36 वर्षों बाद विकसित की जा रही है, जो 1515.47 करोड़ रुपये की लागत से 340 एकड़ में बनाई जाएगी।

### मिशन अस्मिता पर सख्त रुख

पुलिस आयुक्त दीपक कुमार द्वारा अवैध धर्मांतरण और अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे मिशन अस्मिता की प्रगति पर प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल हर गुनहगार को कानून के कठघरे में लाया जाए।

एनएनआई

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आगरा मंडल में लोक निर्माण, पर्यटन, नगर विकास और धर्मार्थ कार्य विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों को कार्ययोजना में प्राथमिकता के आधार पर शामिल करें और समयबद्ध ढंग से परियोजनाओं को पूरा करें। मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क, फ्लाईओवर, बाईपास, पुल और इंटर स्टेट बार्डर कनेक्टिविटी जैसे कार्यों को शीघ्र स्वीकृति देकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बरसात के बाद गड्ढामुक्त सड़क अभियान की तैयारी अभी से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय पर प्रस्ताव न बनने से विभागों का बजट वापस चला जाता है, जबकि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सभी प्रमुख नदियों जैसे यमुना, चंबल, उटंगन और पार्वती पर पुल निर्माण के प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के लिए भी जनप्रतिनिधियों से संवाद करने को कहा। नगर विकास विभाग को निर्देश दिए गए कि शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज व्यवस्था की मजबूत कार्ययोजना बनाई जाए, जिसमें अंतिम जल निकासी तक की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो।

धर्मार्थ कार्य विभाग को मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर शहरी और ग्रामीण मंदिरों तक संपर्क मार्ग निर्माण कराने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान बैठक में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण चौधरी, राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति, महापौर हेमलता दिवाकर, विधायकगण और मंडल के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।






# टूटी 16 साल की परंपरा : इस वर्ष नहीं होगा श्री महालक्ष्मी जन्माष्टमी महोत्सव

एनएनआई



**आगरा।** शहर का दूसरा सबसे बड़ा और भव्य श्री महालक्ष्मी जन्माष्टमी महोत्सव इस वर्ष स्थगित कर दिया गया है। बल्केश्वर स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर परिसर में मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यह घोषणा की गई। श्री महालक्ष्मी भक्त मंडल की ओर से 16 वर्षों से आयोजित हो रहा यह पांच दिवसीय महोत्सव इस बार संभावित व्यवधानों के चलते जनहित में स्थगित किया गया है। समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि 13 से 17 अगस्त तक प्रस्तावित आयोजन की तैयारियां 75% तक पूर्ण हो चुकी थीं। पंडाल, पोशाकें, प्रसादी और अन्य सभी व्यवस्थाएं लगभग अंतिम चरण में थीं, फिर भी व्यवधान की आशंका के कारण यह कठिन निर्णय लेना पड़ा। महामंत्री मनोज जैन ने बताया कि संस्था के दस्तावेज पूर्ण रूप से वैध हैं और जिला प्रशासन से नाम विवाद की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है, जिससे भविष्य में ऐसे हालात न बनें। हर वर्ष इस महोत्सव में खाटू श्याम की निशान यात्रा, फूल बंगला, 56 भोग, पोशाक यात्रा और भजन संध्या जैसे आकर्षक आयोजन होते हैं। समिति ने सहयोग राशि लौटाने का आश्वासन देते हुए, सभी का आभार व्यक्त किया। इस घोषणा के अवसर पर अशोक सिंघल, संजय शर्मा, आदर्श नंदन गुप्त, दिलीप बंसल, संजीव रतन, हेमेंद्र मोहता, उमेश अग्रवाल, राकेश, भोला नाथ अग्रवाल, केएल अग्रवाल, नवीन, मनीष, रोहित, अजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, विनोद राठौड़, अखिलेश, संदीप, ध्रुव, मनीष, सुमित अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, अजय गुप्ता, पवन जैन आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# कवियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति के बिखेरे रंग

## ब्रजभाषा काव्य मंच के तत्वावधान में बही काव्य की अविरल धारा



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के केएमआई और साहित्यिक संस्था 'ब्रजभाषा काव्य मंच' के संयुक्त तत्वावधान में सूर कक्ष में एक भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रजभाषा, भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति के विविध आयामों को कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. रमा रश्मि की सरस्वती वंदना से हुई। निदेशक डॉ. प्रदीप श्रीधर ने मंचासीन अतिथियों व साहित्यकारों का स्वागत किया। योगेन्द्र शर्मा ने भारतीय संस्कृति को गंगा की निर्मल धारा कहा, वहीं डॉ. केशव शर्मा ने अपनी प्रसिद्ध कविता सौन चिरैया से वातावरण को भावविभोर किया। डॉ. राजीव निस्पृह ने वेदों को ज्ञान का स्रोत बताते हुए कहा झ श्री हरि नै ब्रह्मा कूं सौंपे वेद भए हैं चार...। मंच अध्यक्ष रामेन्द्र शर्मा रवि ने सत्य को भारतीय संस्कृति का मूल आधार बताया। योगेश शर्मा योगी ने रामायण के प्रसंगों को प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां बटोरीं। समारोह में साहित्यकार श्रुति सिन्हा को ब्रज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. सुषमा सिंह, रेखा गौतम, प्रभुदत्त उपाध्याय, विनय बंसल, आचार्य उमाशंकर पाराशर समेत कई कवियों ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. वर्षा रानी ने किया।

# स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति, संतुलित आहार और व्यायाम जरूरी

## 'सन साइन इज लाइफ लाइन' थीम पर आयोजित हुई स्वास्थ्य कार्यशाला



एनएनआई

**आगरा।** आगरा ऑर्थोपेडिक सोसाइटी की ओर से बोन एंड जॉइंट वीक के अंतर्गत मंगलवार को दयालबाग स्थित खेलगांव में ह्यसन साइन इज लाइफ लाइन ह्य थीम पर स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एमडी फिजीशियन एवं गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. सुशील गुप्ता ने स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, प्रकृति से जुड़ाव, नियमित व्यायाम और प्रेम को चार मूलमंत्र बताया। उन्होंने कहा कि इनका नियमित अभ्यास जीवन को न केवल स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त करता है। कार्यशाला में हड्डी रोग विशेषज्ञों के साथ-साथ मॉर्निंग वॉक करने वाले जागरूक नागरिकों ने भी भाग लिया। उपस्थित लोगों ने सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। मुख्य अतिथि एवं अप्सा अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने ऑर्थोपेडिक सोसाइटी के जागरूकता प्रयासों की सराहना करते हुए शहरवासियों से प्रकृति प्रेम को अपनाने और 'गुड मॉर्निंग' के स्थान पर 'ग्रीन मॉर्निंग' की आदत डालने का आह्वान किया। डॉ. अतुल अग्रवाल (अध्यक्ष), डॉ. अनुपम गुप्ता (सचिव) और डॉ. संजीव बोहरा (कोषाध्यक्ष) ने अतिथि का पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. डीवी शर्मा, डॉ. अशोक विज, डॉ. संजय चतुर्वेदी, डॉ. मुकेश गोयल और डॉ. प्रमोद गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

# श्रीजी की आराधना में लीन भक्त, धर्म-उल्लास से गूंजा मंदिर परिसर

## श्री शीतलनाथ जैन मंदिर में भक्तिभाव से हो रहा शांतिनाथ महामंडल विधान

एनएनआई



**आगरा।** गुदड़ी मसूर खां स्थित श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 25 जुलाई से चल रहे शांतिनाथ महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ जारी है। पंडित सौरभ जैन शास्त्री एवं रविंद्र जैन शास्त्री के मार्गदर्शन में प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। 5 अगस्त को आयोजन के बारहवें दिवस का शुभारंभ शांतिधारा और अभिषेक से हुआ। इसके बाद भक्तों ने विधान की मंगलमय क्रियाओं के अंतर्गत मांडले पर अर्घ्य अर्पित करते हुए श्रीजी की आराधना की। इस दिन के पुण्यार्जक दिल्ली निवासी टीकमचंद जैन, धनलाल जैन, राजीव कुमार जैन एवं रविन्द्र कुमार जैन परिवार रहे। कार्यक्रम में सौभाग्यशाली भक्तों को आचार्य विद्यासागर महाराज और भगवान महावीर स्वामी के चित्रों का अनावरण करने और दीप प्रज्वलन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सुभाष जैन, नरेश जैन, पार्षद राकेश जैन, वीरेंद्र जैन, अशोक जैन, प्रमोद कुमार जैन, सुशीला जैन, शांत जैन, सुनीता जैन, सुमन जैन, अल्पना जैन, पूनम जैन सहित गुदड़ी मंसूर खां व पत्तल गली जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और भक्ति से गूंजा कैलाश मंदिर, रुद्राभिषेक से सभी हुए शिवमय

एनएनआई



**आगरा।** भारत विकास परिषद् संपर्क शाखा द्वारा कैलाश महादेव मंदिर पर श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रों के साथ महा रुद्राभिषेक सम्पन्न हुआ। आचार्य श्याम बाबा और पंडित गगाचार्य के मार्गदर्शन में शिवलिंगों पर वैदिक विधि से पूजन, अर्चना और अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और माहौल शिवमय हो गया। अध्यक्ष डॉ. दिग्जेंद्र सिंह ने बताया कि दो घंटे चले इस अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, नारियल पानी, गन्ना व अनार का रस और यमुना जल से अभिषेक किया। सचिव इना फौजदार ने बताया कि सावन मास में रुद्राभिषेक का विशेष आध्यात्मिक महत्व होता है। यह न केवल पुण्यदायी है, बल्कि सनातन परंपराओं के प्रचार-प्रसार का भी सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि कपूर सिंह, अजीत फौजदार, वीरेंद्र सिंघल, विष्णु गोयल, प्रवीण जैन, हरीश शर्मा, नितिन गुप्ता, अंजू पटेल, मनीषा जैन और मंजू सिंघल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र



## कुष्ठ रोगियों के लिए बांटे जूते और सैंडल

**आगरा एनएनआई।** रिवाज संस्था द्वारा कुष्ठ आश्रम में मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी कुष्ठ रोगियों को पैरों में घाव हो गए हैं उसके लिए कुष्ठ रोगियों को सैंडल जूते दिए गए उनको बेडशीट और खाने की सामग्री भी दी गई। मधु सक्सेना ने रीना कौशल सौरभ कौशल सौम्या कौशल राहुल बंसल शालिनी सक्सेना निधि बेदी,विमला सिंह को धन्यवाद दिया कि उन्होंने संस्था के इसमें काम में सहयोग किया।

## रजत फौजदार बने अधिवक्ता विचारक मंच के आगरा के कॉर्डिनेटर

**आगरा एनएनआई।** अधिवक्ता विचारक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैफ मोहम्मद खान के द्वारा रजत फौजदार को आगरा का कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।रजत फौजदार काफी समय से सामाजिक कार्यों में व समाजसेवा में सक्रिय रहते है।। इसी को देखते हुए जिम्मेदारी से नवाजा गया है। इस अवसर पर संजय शर्मा,नवीन शर्मा, संदेश शर्मा, सुभाष निषाद, अरविंद सिंह, दिव्यांश, नयन, अरुण राठौर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जर्जर हालत में सरकारी स्कूल

- डॉ. आंबेडकर अनुयायी एकता फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

एनएनआई




**आगरा।** शहर से लेकर देहात तक सरकारी स्कूलों की हालत जर्जर हैं। टूटी दीवारें हैं। छतों का प्लास्टर उखड़ा हुआ है। भवन गिरासू खड़े हुए हैं। जो बच्चे पढ़ कर देश का भविष्य लिखेंगे। आज उन्हीं जीवन सरकारी स्कूलों की छतों के नीचे सुरक्षित नहीं है। जर्जर छतों की चार दीवारों के में डर के साए में बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। मंगलवार को डॉ. आंबेडकर अनुयायी एकता फाउंडेशन ने जिलाधिकारी कार्यालय पर एसीएम द्वितीय विनोद कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर स्कूलों की हालत से अवगत कराया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष प्रिंस ने कहा कि सरकारी स्कूलों में गरीब, मजदूर, परिवारों के बच्चे पढ़ रहे हैं। सरकार उन्हें अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रही है। जर्जर दीवारों वाले भावनों में मरने को छोड़ दिया है। ऐसे स्कूलों को जल्दी ही ठीक कराया जाए कहीं अप्रिय घटना ना हो जाए। एसबी दिनकर और विवेक बौद्ध का कहना है की सरकार नहीं चाहती है। गरीबों के बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़ें। वह उन्हें शिक्षा से वंचित रखना चाहते हैं। राहुल वरुण, गौरव मौर्या, गुरु दयाल, जुगनू पिप्पल, गीता सिंह, राज पारस, मनीष कमल, रमेश सोनकर, राहुल बर्मन, दिनेश कुमार, निशा यादव, शिवम माहौर, दीपक, बलदेव सिंह, करन जरारी, सौरव कुमार, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# उल्लास और प्रेम के साथ महिलाओं ने मनाई तीज

एनएनआई




**आगरा।** विजय क्लब में महिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी श्री माथुर चतुर्वेदी सभा आगरा ( पंजीकृत) की महिलाओं ने अपने वार्षिक हरियाली तीज कार्यक्रम श्रावणी तीजोत्सव का वृहद स्तर.पर आयोजन किया। संचालन महिला प्रकोष्ठ की संस्थापिका संयोजिका निधि चतुर्वेदी ने किया। उनके और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शेफाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में उनकी पूरी महिला प्रकोष्ठ टीम की मेहनत और योजना ने सब को उत्सवी उल्लास, प्रेम का अहसास करा दिया। तीज का यह आयोजन अत्यंत गरिमापूर्ण ,अनुशासित और सुव्यवस्थित था। कार्यकारिणी की सभी सदस्य जिस प्रकार पूरे मन से ,समर्पित भाव से व्यवस्थाओं को सुचारू रख रहीं थीं वह अनुकरणीय था।

महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज धज कर बढ़ चढ़कर भागीदारी की.समाज की अनुभवी बुजुर्ग महिला महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई जिस के बाद गणेश वंदना सरस्वती वंदना और शिव तांडव स्तुति ने रोंगटे खड़े कर दिए और पूरा मांहौल भक्तिमयी बना दियाऽ इसके बाद शुरू हुआ मनोरंजन और प्रतियोगिता का सिलसिला श्लोक प्रतियोगिता, आटा का चौक लगाओ प्रतियोगिता ,मेहंदी प्रतियोगिता ,5 से 8 साल के बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉक्टर शेफाली चतुर्वेदी (आगरा कॉलेज)और डॉक्टर क्षमा चतुर्वेदी (आगरा कॉलेज) ने माता और बहनों को कैरियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जरूरी बातें बताईं।

# शिवसेना (शिंदे गुट) के प्रदेश उपाध्यक्ष बने दीपक सक्सैना

एनएनआई



**आगरा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की जनहितकारी नीतियों को उत्तर प्रदेश में जनमानस तक प्रभावी ढंग से पहुंचाकर पार्टी को एक सभ्य, सुसंस्कृत एवं संगठित स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाने वाले दीपक सक्सैना को उनकी सक्रियता, कार्यकुशलता, निष्ठा एवं ईमानदारी को देखते हुए राज्य सचिव ( प्रदेश मंत्री ) पद से प्रोन्नत कर प्रदेश उप प्रमुख ( प्रदेश उपाध्यक्ष) पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह मनोनयन शिवसेना (प.)उत्तर प्रदेश के माननीय प्रदेश अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा द्वारा घोषित किया गया। शिवसेना के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। पटाखे फोड़कर व मिष्ठान वितरण कर सभी ने सक्सैना को बधाई दी एवं उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। आगरा मण्डल में पार्टी को मजबूती से खड़े करने वाले दीपक सक्सैना लंबे समय से शिवसेना में साहसी, ऊर्जावान एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय हैं।

# इन्वेस्टीचर समारोह में छात्र परिषद ने ली कर्तव्यों की शपथ

एनएनआई

**आगरा।** बल्केश्वर स्थित गणेशराम नगर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में इन्वेस्टीचर समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया, जिसमें विद्यालय की छात्र परिषद ने अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ ली।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर विनोद दत्त उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में आरएसएस के सदस्य श्री अरुण अग्रवाल एवं श्रीमती अर्चना अग्रवाल ने भी अतिथि रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती श्रुति सिंघल, कोषाध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश सिंघल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती चारु पटेल भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहीं। समारोह में कक्षा 12वीं की खुशी गुप्ता को छात्र परिषद का राष्ट्रपति घोषित किया गया, जबकि उप-राष्ट्रपति का पद कक्षा 11वीं की सुकून जैन को सौंपा गया। प्रधानमंत्री का दायित्व कक्षा 12वीं की जस्मीत कौर को और उप प्रधानमंत्री का दायित्व कक्षा 11वीं की अनुप्रिया सिंह को प्रदान किया गया।

चारों सदनों के कप्तानों की घोषणा भी समारोह में की गई – ब्लू हाउस की कप्तान बनीं श्रेया सिंह राठौर, रेड हाउस की तनिष्का, यलो हाउस की सव्या सिंह और ग्रीन हाउस की कप्तान रहीं एंजेल शर्मा।

इस प्रेरणास्पद अवसर पर ब्रिगेडियर विनोद दत्त ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह का सफल संचालन और आयोजन विद्यालय की शिक्षिकाओं – श्रीमती अनामिका पराशर, श्रीमती नेहा नायक और कुमारी महक यादव, शिवानी अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती श्रुति सिंघल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरे विद्यालय में इस अवसर पर उल्लास और गर्व का वातावरण देखने को मिला।





# चंबल नदी में पंद्रह दिन बाद फिर चला स्टीमर, कीचड़ में से गुजर रहे लोग

एनएनआई

**पिनाहट।** चंबल नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण पिनाहट चंबल नदी घाट पर बीते पंद्रह दिनों से बंद पड़ा स्टीमर संचालन अब दोबारा शुरू कर दिया गया है। जल स्तर में गिरावट के बाद प्रशासन द्वारा संचालन की अनुमति दी गई, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, घाट क्षेत्र में फैले दलदली कीचड़ के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों और दैनिक आवागमन करने वालों ने बताया कि बाढ़ के दौरान स्टीमर बंद होने से उन्हें वैकल्पिक मार्गों से लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा था, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही थी। अब स्टीमर चालू होने से सफर आसान हुआ है, लेकिन घाट पर जमा कीचड़ ने राह को कठिन बना दिया है। यात्रियों का कहना है कि चंबल घाट पर अभी तक ठीक तरह से सफाई नहीं हुई है और कीचड़ से फिसलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि घाट क्षेत्र की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था की जाए।

स्टीमर सेवा बहाल जरूर हुई है लेकिन आधारभूत व्यवस्थाओं की कमी अब भी बनी हुई है।

## फिसलन भरे 4 किमी रास्ते पर पैदल निकलने को ग्रामीण मजबूर

**बाह** एनएनआई। यमुना नदी के किनारे पर बसे बाह के सुंसार गांव की बारिश ने दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। बीहड़ के रास्ते पर दलदल और फिसलन होने की बजह से ट्रैक्टर ट्रॉली तक निकलना मुश्किल हो गया है। पूर्व प्रधान पुत्तू लाल ने बताया कि सांसद राजकुमार चाहर की चौपाल से गांव का रास्ता पक्का होने की आस जगी थी। विकास और वन विभाग का सर्वे हुआ तो लगा कि 79 साल पुरानी मांग पूरी होने वाली है। लेकिन बारिश के दिन आ गये, रास्ते की समस्या का समाधान नहीं हुआ। बारिश से हुए दलदल और फिसलन भरे रास्ते पर ग्रामीण पैदल निकलने को मजबूर हैं। पैदल यात्रा के दौरान जंगली जानवरों के हमले का डर भी रहता है। उन्होंने एक बार फिर गांव के रास्ते को पक्का कराए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।



## सीसीटीवी में कैद हुआ दुकान से गुल्लक उठा ले जाने वाला चोर

**बाह** एनएनआई। चौसिंगी के विद्यानगर में राजेश कुशवाह की दुकान से रविवार की रात 11.30 बजे चोर 35 हजार रुपये समेत गुल्लक को उठा ले गया। चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। राजेश कुशवाह ने पुलिस को बताया कि घर में ही उनकी दुकान है। पिता रामबहादुर कुशवाह का ऑपरेशन हुआ है। जिसकी बजह से रविवार की रात दुकान का शटर खुला छोड़ दिया था। दुकान में घुसा चोर गुल्लक को चुरा कर ले गया है। उन्होंने बताया कि 35 हजार रुपये आदि सामान गुल्लक में रखा था। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर सीसीटीवी के आधार पर पहचान कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है



## ब्रह्मकुमारी बहनों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। रक्षाबंधन के त्यौहार के अवसर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा कोतवाली फतेहपुर सीकरी में प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह, निरीक्षक अपराध अरविंद तोमर एवं कई अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। ब्रह्मकुमारी बहनों ने भारतीय स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक प्रतीक एवं अन्य कर्मियों को भी राखी बांधी इस मौके पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्होंने जीवन में बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयां अपने के लिए प्रतिज्ञा भी दिलाई।



## मुख्य मार्ग में जलभराव से ग्रामीण परेशान

एनएनआई

**पिनाहट।** गांव के मुख्य मार्ग जर्जर होने के कारण बारिश के पानी क भराव होने के कारण कीचड़ से परेशान ग्रामीणों ने प्रधान पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया है।

पिनाहट की ग्राम पंचायत अरनोटा के उप गांव छतोलीपुरा के मुख्य मार्ग का कई वर्षों से निर्माण कार्य नहीं होने के कारण इसमें गहरे गड्ढे हो गये है। अब बरसात का पानी इन्हीं गड्ढों में भरकर दलदल और कीचड़ बन गया है। जहां से निकलने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रधान पर विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते जमकर हंगामा किया है। ग्रामीणों ने प्रधान पर आरोप लगाया कि इस गांव में वर्तमान प्रधान के कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। गांव में गलियां टूटी पड़ी है। नालियां नहीं होने के कारण घरों के आगे कीचड़ हो रहा है। कई बार प्रधान से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव के मुख्य मार्ग और नाली खरंजों के निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों में राजेश बघेल, विनीत, ईश्वर राम मायाराम विश्वनाथ आदि।



# 4 साल में 1 दिन भी नहीं दिखी गांव में सफाईकर्मियों की शक्ल

एनएनआई

**एत्मादपुर।** माननीय, मुख्यमंत्री जी! आपका सरकारी सिस्टम भी अजब-गजब है। अब यहां का हाल देखिए। सफाई कर्मचारियों की चार साल में एक दिन भी गांव में शक्ल नहीं दिखाई दी है। लेकिन स्वच्छता के नाम पर सिर्फ फाइलों में तैनात सफाई कर्मचारी 'पंचायती साहब' की मेहरबानी से हर माह सरकारी खजाने से वेतन पा रहे हैं। अब वह वास्तविकता में हैं भी कि नहीं? या फिर फर्जी हैं। यह तो 'पंचायती साहब' जानें। इस कदाचार से दुखी महिला ग्राम प्रधान का कहना है कि इस संबंध में लगातार मांगने पर भी उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। जबकि सफाई के अभाव में गांवों में गंदगी के ढेर लगे हैं। नाली-नाले बज बजा रहे हैं। गंदगी के कारण ग्रामीणों को बीमारी फैलने का डर सता रहा है। वहीं प्रधानमंत्री

- घरों की दीवारों तक सीमित रह गया प्रधानमंत्री का 'स्वच्छ भारत मिशन'

नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत मिशन दीवारों पर लिखे स्वच्छता संबंधी संदेशों तक सीमित होकर रह गया है।

एत्मादपुर ब्लाक ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सुरहरा की प्रधान श्रीमती लौंगश्री देवी बघेल की शिकायत से यह मामला प्रशासन के समक्ष प्रकाश में आया है। उन्होंने प्रकरण की जांच और कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र दिया था। यह शिकायती प्रार्थना पत्र सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया है। इसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत सुरहरा के प्रधान के पद पर रहते हुए उन्हें अब तक लगभग चार साल का समय हो चुका है। लेकिन उनकी पंचायत क्षेत्र के गांवों में आज तक एक दिन भी किसी कर्मचारी ने सफाई कार्य नहीं किया है। जबकि ब्लाक कार्यालय से बताया जा रहा है कि सुरहरा पंचायत क्षेत्र में सफाई कार्य के लिए दो कर्मचारी तैनात हैं। उनकी पंचायत के विभिन्न मजरों में मौजूदा समय में गंदगी का अंबार लगा है। इस कारण बीमारी फैलने की आशंका सता रही है। सफाई कर्मचारियों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को पत्र के माध्यम से भी अवगत कराया गया है। किन्तु सफाई कर्मचारी कहां हैं, यह जानकारी कोई नहीं दे रहा है। जबकि उनका वेतन बिना ग्राम पंचायत की संतुति के जारी हो रहा है। पत्र में उन्होंने पंचायत में तैनाती के बावजूद स्थलीय कार्य नहीं करने वाले कर्मचारियों और वेतन दिलाने में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# संपादकीय

## ट्रंप का टैरिफ तोहफा है या चुनौती!

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर वैश्विक व्यापार संतुलन को झकझोर दिया है और इस बार सीधा निशाना भारत पर लगाया गया है। ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत कहा है। उन्होंने यह टिप्पणी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए उनकी सभी शर्तों पर फिलहाल भारत के राजी ना होने के बाद की। बाद में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत के इस रुख से ट्रंप नाराज हुए। द्विपक्षीय समझौते की संभावना के बारे में बेसेंट ने कहा कि अब यह भारत पर निर्भर करता है। यानी अमेरिका ने अपनी शर्तों पर अडिग है। भारत उन्हें मानेगा या नहीं, यह उसे तय करना है। इसी क्रम में बेसेंट ने यह भी कह दिया कि वैसे भी भारत कोई बड़ी वैश्विक शक्ति नहीं है। यह टिप्पणी भी बहुत चुभने वाली है। ट्रंप प्रशासन पहले ही पाकिस्तान को अधिक तरजीह देकर भारत को भावनात्मक चोट पहुंचा चुका है। यह भारतीय शासक समूहों के लिए बड़ा संकट है। ट्रंप ने घोषणा की है कि भारत से अमेरिका को होने वाले आयात पर 25% टैरिफ लगाया जाएगा, साथ ही रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए भारत को दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। यह फैसला भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में अचानक तनाव बढ़ाने वाला है, और इसने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या भारत की विदेश नीति अब प्रभावशीलता खो रही है या फिर यह भू-राजनीतिक दबाव के सामने चुप रह जाने की रणनीति का परिणाम है। ट्रंप की इस घोषणा का समय भी ध्यान देने योग्य है। पिछले कुछ महीनों से भारत और अमेरिका के बीच एक संभावित व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक संकेत मिल रहे थे। द्विपक्षीय वार्ताएं हो रही थीं, और यह माना जा रहा था कि दोनों देश अपनी व्यापार नीति में स्थायित्व और सहकारिता की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन ट्रंप की घोषणा ने इस प्रक्रिया को एक झटके में उलट दिया। भारत को दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाला देश बताया है। उन्होंने भारत की ह्यगैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओंह्व की भी आलोचना की। जिसका अर्थ है कि भारत तकनीकी, प्रशासनिक या नियामक उपायों के जरिए विदेशी कंपनियों को यहां व्यापार करने से रोकता है या कठिन बनाता है। उन्होंने यह आरोप भी जोड़ा कि भारत, रूस से तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद जारी रखकर यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका की नीति का खुला उल्लंघन कर रहा है। ट्रंप को जवाब देने के लिए आंकड़ों, सारणियों और ग्राफ का सहारा लिया गया है। भारत की जीडीपी की वृद्धि की दर का उल्लेख करते हुए बताने की कोशिश की गई है कि भारत की अर्थव्यवस्था मृत नहीं, बल्कि फूल-फल रही है। मगर यह आंकड़ों की नहीं, धारणाओं की बात है। तमाम आर्थिक चुनौतियों को नजरअंदाज करते हुए भारत में ऐसे आंकड़ों के जरिए ये धारणा बनाई गई थी कि दुनिया में आज भारत का कोई सानी नहीं है। जबकि ट्रंप और उनके प्रशासन के अधिकारियों की टिप्पणियों का संदेश है कि दुनिया इस रूप में भारत को नहीं देखती। सत्ता पक्ष पर और उनके गढ़े नैरेटिव्स पर यह एक तरह का वज्रपात है ट्रंप की यह घोषणा भारत-अमेरिका संबंधों में केवल एक व्यापारिक मोड़ नहीं है। यह उस व्यापक कूटनीतिक असंतुलन की ओर इशारा करती है, जहां भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता और भू-राजनीतिक विकल्पों को एक साथ साधना होगा। यदि भारत अमेरिकी दबाव में झुकेगा, तो वह रूस, ईरान, और वैश्विक दक्षिण के साझेदारों के बीच अपना विश्वास खो देगा। और यदि वह पूरी तरह टकराव की नीति अपनाता है, तो अमेरिका जैसे साझेदार से टकराव उसकी आर्थिक आकांक्षाओं को चोट पहुंचा सकता है। सवाल यह है कि भारत इस स्थिति से किस तरह निबटेगा? भारतीय निर्यातकों की चिंता भी वाजिब है, क्योंकि अमेरिकी शुल्क से भारत के निर्यात पर असर पड़ सकता है और अगर ऐसा हुआ तो उनका कारोबार प्रभावित होगा। सरकार ने अमेरिकी शुल्क से पैदा होने वाली संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ निर्यातकों की बैठक इन्हीं तैयारियों का हिस्सा है। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव का दूसरा पहलू यह है कि भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर भी अनिश्चितता का माहौल पैदा हो गया है। अमेरिका पहले से ही इस समझौते के तहत भारतीय कृषि एवं डेयरी बाजार को खोलने की मांग पर अड़ा हुआ है। हालांकि, भारत स्पष्ट कर चुका है कि राष्ट्रहित से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। इसे लेकर पांच दौर की वार्ता हो चुकी है और देखना होगा कि 25 अगस्त से भारत में छठे दौर की संभावित वार्ता में भारत का क्या रुख रहेगा। जहां तक अमेरिकी शुल्क की बात है तो भारत के पास जवाबी शुल्क लगाने का विकल्प भी सुरक्षित है। यह संकट सरकार के लिए एक नीतिगत परीक्षा है, जिसमें केवल आंकड़ों, दरों या निर्यात आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति, कूटनीतिक परिपक्वता, और रणनीतिक संतुलन की असली परीक्षा है। भारत जिस तरह से वैश्विक शक्ति समीकरणों में अपनी जगह बना रहा है, उसके लिए यह जरूरी है कि वह हर चुनौती का सार्वजनिक और स्पष्ट उत्तर दे।

# ब्रज रस शैली के प्रवर्तक हैं चित्रकार द्वारिका आनंद




ब्रज रस शैली के प्रवर्तक व अंतरराष्ट्रीय ख्याति के प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद इन दिनों अपनी चित्रकला के द्वारा समूचे विश्व में अत्यधिक ख्याति अर्जित कर रहे हैं।उनकी चित्रकला के विषय हैं - भगवान श्रीकृष्ण और उनसे संबंधित विषय। साथ ही वे अन्य धार्मिक विषयों से संबंधित अत्यन्त नयनाभिराम व चित्ताकर्षक चित्रकारी भी कर रहे हैं।भगवान श्रीकृष्ण न केवल उनके आराध्य अपितु उनके जीवन के प्रेरणा स्रोत भी हैं। वे पूर्णतः भगवान श्रीकृष्ण के रंग में रचे बसे हैं।वे भगवान श्रीकृष्ण के माध्यम से पिछले लगभग 40 वर्षों से चित्रकला की साधना में रत हैं।उनकी चित्रकला में श्रीकृष्ण के अनेक मनमोहक रूप देखने को मिलते हैं। उनकी चित्रकारी में भगवान श्रीकृष्ण कभी बांसुरी बजाते नजर आते हैं, तो कभी गाय चराते हुए।कभी वे माखन चोरी करते दिखाई देते हैं,तो कभी ब्रज गोपीकाओं के साथ रास रचाते हुए।कभी वे राधा के साथ क्रीड़ा कर रहे होते हैं,तो कभी मीरा के प्रभु बनकर उनके पीछे खड़े दिखाई देते हैं।यही उनकी चित्रकला की विशेषता है। वे ब्रजराज भगवान श्रीकृष्ण व उनके विभिन्न लीला प्रसंगों का चित्रांकन ब्रज की पारंपरिक चित्र शैली में कर रहे हैं।उन्होंने तमाम "पोर्ट्रेट" भी बनाए हुए हैं।जो कि विदेशों तक गए हैं।

मुरैना (मध्यप्रदेश) के गोपालपुरा ग्राम में 05 जनवरी, सन् 1969 को जन्मे चित्रकार द्वारिका आनंद किसी अज्ञात दैवीय प्रेरणा से अपनी मात्र 10 वर्ष की अल्पायु में ही सदैव के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर वृन्दावन आ गए थे।वे फिर यहीं के होकर रह गए।यहां उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को ही अपना गुरु मानते हुए आड़ी-तिरछी रेखाएं खींचते हुए चित्रकला की साधना प्रारंभ की।बहुत ही कम समय में वे इस क्षेत्र में निष्णात हो गए।

प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद जो चित्र बनाते हैं वो अत्यन्त श्रम साध्य, समय साध्य व अर्थ साध्य हुआ करते हैं।इसके लिए सर्व प्रथम कैनवास पर रेखा-चित्र बनाया जाता है।रेखा-चित्र के जिन भागों को उभरना होता है, उन पर "एंब्रोसिंग" की जाती है। "एंब्रोसिंग" वाले स्थानों पर विशुद्ध सोने का वर्क लगाया जाता है।फिर होती है बेशकीमती नगों की जड़ाई। नगों की जड़ाई पूर्ण होने पर चित्रों में तैल रंगों का कार्य होता है।रंगों, सोने व नगों का काम होने के कारण उनकी चित्रकला त्रिआयामी हो जाती है।साथ ही उसका सौंदर्य व मूल्य अत्यधिक बढ़ जाता है।

चित्रकार द्वारिका आनंद की चित्रकला में ब्रज रस दर्शन का साकार स्वरूप एवं ब्रज संस्कृति की सुघड़ छाप है। रस व रंग के इस अद्भुत चितेरे ने श्रीधाम वृन्दावन की रसोपासना के गूढ़तम रहस्यों व उसके सूक्ष्म भागों का चित्रण चित्रकला के इतिहास में सर्वप्रथम किया है।ब्रज के रस सिद्ध रसिकाचार्यों की वाणी को अपने हृदय के अंतरतम में आत्मसात कर अपनी सशक्त तूलिका से चित्रांकित करने वाले द्वारिका आनंद वाणी साहित्य के भी अद्भुत चितेरे हैं। रस सिद्ध संतों के वाणी साहित्य पर आधारित चित्रांकन उनकी चित्रकला का प्रमुख विषय है।क्योंकि वे अपने चित्रों के द्वारा संतों की वाणियों को सुरक्षित रखना चाहते हैं।उनके जो चित्र सर्वाधिक चर्चित रहे हैं, वे हैं: "प्रथम दृष्टया वृन्दावन", "सप्तनिधि वृन्दावन", "हों स्वतंत्र सबसौं परे, परि भक्तन आधीन", "मन उरझायौ वसन सुरझायौ", "दिव्य वृन्दावन", "निधिवन की निधि", "राधा सब वेदन कौ सार", सजनी कहां लौं चंद्र हाथन दुरायगौ", "गौरस लोभी ब्रज रसिया", "वीणा करे मधुमति मधुर"।आदि आदि।

इन सभी कलाकृतियों का बहुत बड़ी संख्या में कैलेंडरों के रूप मुद्रण भी हुआ है, जो कि देश-विदेश के तमाम मंदिरों की शोभा बढ़ा रहे हैं।उनकी बनाई गई कलाकृति "मन उरझायौ वसन सुरझायौ" वर्तमान में फ्रांस के संग्रहालय में लगी हुई है।उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता एवं श्रीराधा सुधा निधि के अनेक श्लोकों के भाव पर भी चित्र-रचना की है। चित्रकार द्वारिका आनंद ने स्वामी हरिदास, महाकवि सूरदास, हरिराम व्यास, केशव दास आदि अनेक भक्त कवियों के पदों के आधार पर भी तैल चित्रों की रचना की है।उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी, मथुरा की रंगेश्वरी काली देवी, स्वामी हरिदास, सनातन गोस्वामी, रूप गोस्वामी, गोपाल भट्ट गोस्वामी, हरिराम व्यास, मलूक दास, हरिवंश महाप्रभु, निंबाकाचार्य, परमानंद दास, कृष्णानंद, सूरदास बाबा, सुदामा दास महाराज, राधिका चरण दास, ललित किशोर देव जू, बाबा देवपुरी, राम दास महाराज, बालकृष्ण दास महाराज कार्ष्णि श्री हरिनाम दास महाराज, सुग्रीव किलाधीश जगद्गुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज (अयोध्या) आदि प्रख्यात संतों के पोर्ट्रेट बना कर भी अत्यन्त यश व कीर्ति अर्जित की है।

चित्रकार द्वारिका आनंद के द्वारा बनाए गए चित्र गीता प्रेस, गोरखपुर की पुस्तकों में प्रायः प्रकाशित होते रहते हैं। वे अभी तक हजारों तैल चित्र व स्वर्ण चित्र बना चुके हैं।उनकी सभी कलाकृतियों में उनका आध्यात्मिक चिन्तन परिलक्षित होता है। द्वारिकाजी की चित्रकला इतनी भाव दर्शी है कि उसमें हरेक खो जाता है। लोग-बाग उनके चित्रों को जन्म दिन व विवाह आदि के अवसर पर उपहार में भी देने लग गए हैं।उनके चित्रों को अपने घर व प्रतिष्ठान आदि में लगाया जाना "स्टेट्स सिम्बल" समझा जाता है।साथ ही उनके चित्रों की अपने देश के अलावा ब्रिटेन, अमेरिका, रूस, फिलीपींस, हॉन्गकॉन्ग एवं बैंकॉक आदि देशों में भी जबरदस्त मांग है।श्रीधाम वृन्दावन के हनुमान बाग स्थित उनकी "श्री मुक्तानन्द चित्रवीथि" का अवलोकन कई जगद्गुरु शंकराचार्यों, महामण्डलेश्वरों, राष्ट्रीय संतों, राजनेताओं एवं अनेक प्रबुद्ध व्यक्तियों के द्वारा किया जा चुका है। जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारिका-शारदा पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज ने चित्रकार द्वारिका आनंद की चित्रकला से प्रभावित होकर उन्हें "चित्रकला कौविद" की उपाधि से अलंकृत किया हुआ है।उनके चित्रों की समूचे देश में अनेक स्थानों पर प्रदर्शनी भी लग चुकी है।जिन्हें अत्यधिक सराहना मिली है।

चित्रकार द्वारिका आनंद के चित्रों में स्निग्ध कोमल भाव, मौलिक सृजनात्मकता एवं दैविक आकर्षण है। इसीलिए वे चित्रकला की दुनियां में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। वे अत्यधिक प्रभावशाली व बेहतरीन कलाकार हैं।

चित्रकार द्वारिका आनंद को उनकी मर्मस्पर्शी चित्रकला के लिए जो सम्मान व उपाधियां प्राप्त हुई हैं, उनमें से प्रमुख ये हैं - संसद भवन में प्राप्त "अटल स्मृति सम्मान", "वेद स्मृति सम्मान", "ब्रज निधि सम्मान", "ब्रज शिरोमणि", "ब्रज गौरव सम्मान", "चित्रकला शिरोमणि सम्मान", "ब्रज विभूति सम्मान", "सनातन गौरव सम्मान", "प्रज्ञा रत्न सम्मान","चित्रकला कौविद सम्मान", "राष्ट्रीय गौरव सम्मान ", "न्यूज मेकर्स सम्मान", "एक्सीलेंस सम्मान" ,"भगवान निंबार्क सम्मान" , "कला कौमुदी सम्मान " , "नव चेतन सम्मान" , "अवंतिका सविता स्मृति सम्मान" , "वृंदावन गौरव श्रीवृद्धि सम्मान" , "एक्स्ट्रा आर्डिनरी सर्विस इन फील्ड ऑफ आर्ट सम्मान" , "अतुल स्मृति सम्मान" , "परंपरा रत्न सम्मान" , "अटल चित्रकला शिखर सम्मान" आदि के अलावा कई प्रख्यात संतों, राजनेताओं एवं समाजसेवियों के द्वारा भी प्रायः सम्मानित होते रहते हैं।

चित्रकार द्वारिका आनंद द्वारा संस्थापित श्रीमुक्तानंद चित्र वीथि ब्रज में चित्रकला के शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए वृहद स्तर पर कार्यरत है। जो कि ब्रज वृन्दावन के लिए अत्यन्त गौरव का विषय है।

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**
**(लेखक वृंदावन के प्रख्यात साहित्यकार और पत्रकार हैं।**
**9412178154)**

# फरहान अख्तर को भाया राशि खन्ना का अभिनय






**कहा- 'वह बेहद टैलेंटेड हैं'**

एक आकर्षक नए पोस्टर के ठीक एक दिन बाद, 120 ब्रेव के पोस्टर ने बहुप्रतीक्षित टी जारी की है और यह साहसी है। परमवीर चक्र के विजेता मेजर शैतान सिंह भाटी की प्रभावशाली भूमिका में फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित, यह टीजर बहादुरी, भावना और राष्ट्रीय गौरव से प्रेरित एक मनोरंजक युद्ध गाथा की झलक प्रस्तुत करता है। टेलिकॉम प्रोग्राम में लॉन्च किए गए, राशी खान और फरहान अख्तर ने दर्शकों को अपने ऑफ-स्क्रीन टेलीविजन की एक झलक दिखाई, जो कि आदर्श सम्मान और प्रामाणिक केमिस्ट्री पर आधारित है। फरहान अख्तर ने फिल्म में राशी की भूमिका पर विचार करते हुए, अपनी प्रशंसा में पीछे नहीं हटते हुए कहा, राशी, तुम्हारे साथ काम करना बेहद खुशी की बात है। वह कहती हैं कि इस कहानी ने उन्हें ढूंढ लिया, मेरा मानना है कि यह वास्तव में दूसरा रास्ता भी हो सकता है। मुझे लगता है कि रास्ते उन लोगों को ढूंढते हैं जो उन्हें निभाने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। और हम हैं। राशि को यह भूमिका देने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। आपने फिल्म में जो कुछ भी देखा है वह सिर्फ एक टीजर है, अभी बहुत कुछ आना बाकी है।



# सिर्फ अभिनय ही नहीं, अब एडवेंचर में भी हर्षवर्धन राणे का कमाल



राइटर्स राणे अपनी आने वाली रोमांटिक एक्शन थ्रिलर फिल्म सिला की शूटिंग में शामिल हुए हैं, जिसमें उनके साथ सादियाब और करण वीर मेहराब भी हैं। ओमंग कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म हाल ही में वियतनाम की प्रतिष्ठित सोन डूंग गुफा है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी गुफा भी कहा जाता है, जैसे अनोखे और साहसिक आकर्षण के चयन के कारण रिपब्लिक में रही। अब, फिल्म की शुरू हुई शूटिंग के बीच, डेमोक्रेट ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है क्योंकि उन्होंने सोन डूंग गुफा अभियान पूरा करने वाले 100 भारतीयों में अपना नाम दर्ज कराया है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर दुनिया की सबसे बड़ी गुफा से कई तस्वीरें साझा कीं। पहले स्नैपशॉट में, वह शर्टलेस और अपनी रिप्ड काया और सिक्स-पैक एब्स दिखाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने नीली पतलून और एक एलईडी सुरक्षा हेलमेट पहना था। अगली तस्वीर में, अभिनेता ने पदक की एक तस्वीर और साहसिक यात्रा पूरी करने पर मिली सराहना की एक तस्वीर साझा की। दूसरी ओर, आखिरी तस्वीर में अभिनेता को अभियान के लिए अपने गाइड के साथ दिखाया गया है। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस अभियान को पूरा करने वाले 100 भारतीयों में शामिल! आखिरी तस्वीर में दिख रहे इस शख्स को बहुत-बहुत धन्यवाद।

# मेरी प्रेरणा है 'महारानी येसुबाई' और 'श्रीवल्ली' का किरदार

**रश्मिका मंदाना**

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बताया कि उनके करियर में निभाए दो किरदार बेहद मायने रखते हैं। रश्मिका ने बताया कि 'पुष्पा' में 'श्रीवल्ली' और 'छावा' में 'महारानी येसुबाई' के किरदार ने उन्हें और साहसी बनाया। इन किरदारों ने उन्हें न केवल एक अभिनेत्री के रूप में बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी काफी प्रभावित किया। रश्मिका का मानना है कि इन किरदारों ने न केवल उनकी अभिनय क्षमता को निखारा बल्कि उन्हें एक कलाकार के तौर पर काफी कुछ सिखाया। बातचीत में रश्मिका ने बताया, 'पुष्पा' और 'छावा' ने मुझे बहुत प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 'श्रीवल्ली' और 'महारानी येसुबाई' के किरदारों ने उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। रश्मिका ने कहा, इन किरदारों को निभाने से मैं एक अभिनेत्री के रूप में और मजबूत बनी। श्रीवल्ली और येसुबाई दोनों मजबूत और बेबाक हैं। इन किरदारों ने मुझे ईमानदारी से काम करना, खुद पर भरोसा करना और हर सीन में सच्ची भावनाएं लाना सिखाया। 'पुष्पा' एक तेलुगू फिल्म है, जिसे सुकुमार ने बनाया है। इसमें रश्मिका मंदाना के साथ अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में हैं। पहली फिल्म 'पुष्पाः द राइज' साल 2021 में रिलीज हुई, जिसमें अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पा राज' का किरदार निभाया। लाल चंदन की तस्करी पर बनी फिल्म में अल्लू का अलग अंदाज देखने को मिला। यह फिल्म 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी थी। दूसरी फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' साल 2024 में रिलीज हुई, जिसने पहले दिन की कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े और भारत में सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बनी। यह साल 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म, भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म, दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगू फिल्म बन गई। वहीं, 'छावा' एक पीरियड-एक्शन फिल्म है, जो मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। इसमें रश्मिका मंदाना के साथ विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास 'छावा' पर आधारित इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है।

# चयनकर्ताओं के सामने अब एशिया कप की होगी चुनौती




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा पूरा हो गया है और खिलाड़ी स्वदेश लौट रहे हैं। शुभमन गिल की अगुआई में भारत ने इस दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम के सामने अब अगली चुनौती एशिया कप की होगी जहां वह खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। एशिया कप की शुरूआत नौ सितंबर से होनी है और इस बार यह टूनार्मेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा।

चयनकर्ताओं के सामने एशिया कप के लिए टीम चुनने की चुनौती होगी। भारतीय टी20 टीम ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।

माना जा रहा है कि अगस्त के तीसरे सप्ताह तक एशिया कप के लिए टीम घोषित हो जाएगी। इसके लिए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और साई सुदर्शन टीम में जगह बनाने के दावेदारों में शामिल हैं। एक रिपोर्ट के हवाले से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय चयनकताओं ने सभी विकल्प खुले रखे हैं।

## आईपीएल 2025 में खूब चला था गिल-यशस्वी और सुदर्शन का बल्ला

भारत अगर 28 सितंबर को होने वाले महाद्वीपीय टी20 टूनामेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है तो वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज इसके एक हफ्ते से भी कम समय में शुरू होगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच दो अक्तूबर से अहमदाबाद में खेला जाना है। यशस्वी आईपीएल के पिछले सीजन में शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने 160 के स्ट्राइक रेट से 559 रन बनाए थे, जबकि गिल ने 15 मैचों में 155 से अधिक के स्ट्राइक से 650 रन बनाए थे। वहीं, गुजरात टाइटंस में गिल के ओपनिंग साझेदार साई सुदर्शन ने 156 के स्ट्राइक रेट से 759 रन बनाए थे और ऑरेंज कैप अपने नाम करने में सफल रहे थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, पांच हफ्ते का ब्रेक है और क्रिकेट नहीं होने के कारण संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद इन तीनों को टी20 टीम में जगह मिलनी चाहिए। एशिया कप में 21 दिनों में अगर कोई फाइनल तक खेलता है तो छह टी20 मैच होंगे और यह काम का अधिक बोझ नहीं है, लेकिन एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम को चुनने की अनुमति मिलने के बाद चयनकर्ता सभी विकल्पों पर सावधानी से विचार करेंगे।

## बुमराह-सिराज की उपलब्धता बड़ा मुद्दा

एशिया कप का आयोजन यूएई में होना है और वहां की पिचों को और इसके छह महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए यशस्वी, गिल और सुदर्शन तार्किक रूप से शीर्ष क्रम के अहम खिलाड़ी हो सकते हैं। 2023 में वनडे डेब्यू करने वाले सुदर्शन टी20 में शानदार फॉर्म में दिखे हैं। हालांकि सबसे बड़ा मुद्दा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की उपलब्धता है। दोनों गेंदबाजों को विभिन्न प्रारूपों के काम के बोझ के बाद सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है और चयन बैठक से पहले उनके फिटनेस आकलन से गुजरने की उम्मीद है।

# सीएबी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं सौरव गांगुली

### एजीएम के दौरान दाखिल करेंगे नामांकन




**कोलकाता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रह चुके सौरव गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं। गांगुली ने इंडिया टुडे के हवाले से इस बात की पुष्टि की है कि वह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान अपना नामांकन दाखिल करेंगे। अगर गांगुली अध्यक्ष पद के लिए दौड़ में उतरे तो उनका निर्विरोध चुना जाना तय है।

### २० सितंबर को होगी एजीएम

सीएबी नेतृत्व में उनकी संभावित वापसी उनके बड़े भाई और वर्तमान सीएबी अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली की लोढ़ा समिति की कार्यकाल सीमा के कारण अयोग्यता के बाद हुई है। सीएबी ने अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और चुनावों की तारीखों को अंतिम रूप दे दिया है। आगामी चुनावों की तैयारी के लिए मंगलवार को शीर्ष परिषद की एक आपात बैठक हुई। अंतिम शीर्ष परिषद बैठक 14 अगस्त को और वार्षिक आम बैठक 20 सितंबर को होगी।

### पहले भी सीएबी अध्यक्ष रह चुके हैं गांगुली

गांगुली इससे पहले 2015 में सीएबी के सचिव रह चुके हैं और उसी साल जगमोहन डालमिया के निधन के बाद बाद वह सीएबी के अध्यक्ष बने थे। वह 2019 तक इस पद पर रहे, जिसके बाद उन्होंने 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभाला। गांगुली ने सीएबी के अध्यक्ष और बाद में बीसीसीआई के अध्यक्ष के रूप में अपने नेतृत्व के माध्यम से भारतीय क्रिकेट में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है।

2015 से 2019 तक सीएबी के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, गांगुली ने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और खिलाड़ी विकास कार्यक्रमों में सुधार करके बंगाल क्रिकेट को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पेशेवर कोचिंग और उन्नत सुविधाओं पर जोर दिया, जिससे रणजी ट्रॉफी जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में बंगाल के बेहतर प्रदर्शन में योगदान मिला। सीएबी में काम करने के बाद गांगुली ने बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में भी काम किया। 2022 में उनकी जगह रोजर बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बने थे।

## अंडर-19 एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय महिला मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन, सात पदक पक्के

**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाजों ने अंडर-19 और अंडर-22 एशियाई चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन जारी रखा है। भारत की सात महिला मुक्केबाजों ने पदक पक्के कर लिए हैं। अंडर 19 वर्ग में यशिका (51 किलो), निशा (54 किलो), मुस्कान ( 57 किलो), विनी (60 किलो) , निशा (65 किलो) , आकांक्षा (70 किलो) और आरती कुमारी (75 किलो) सेमीफाइनल में पहुंच गईं। भारत अंडर 22 वर्ग में एक दर्जन से अधिक पदक पक्के कर चुका है। यशिका ने उजबेकिस्तान की मुख्तसर अलीवा को 3-2 से हराया, जबकि निशा ने 54 किलोवर्ग में किर्गीस्तान की मिलाना शिखशाबेकोवा को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर मात दी। मुस्कान ने उजबेकिस्तान की रूबिया रवशानोवा को सर्वसम्मति से लिए गए फैसले में हराया। विनी ने किर्गीस्तान की अदेलिया किजी को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने पर मात दी। निशा ने 65 किलोवर्ग में चीनी ताइपे की यू एन लि को तीन राउंड के बाद सर्वसम्मति से लिए गए फैसले पर हराया। आकांक्षा ने मंगोलिया की एनखगेरेल गेरेलमंख को पहले ही दौर में आरएससी पर हराया। आरती ने कजाखस्तान की जरीना टी को 4-1 से मात दी। सुमन कुमारी को 48 किलोवर्ग में उजबेकिस्तान की मफ्तुना मुसुरमोनोवा ने 3-2 से मात दी।




# एक दिन के लिए स्थगित हुआ चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट

**चेन्नई।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को एक दिन के लिए स्थगित किया है और अब इसका आयोजन बुधवार के बजाए गुरुवार को होगा। आयोजकों को यह फैसला इसलिए लेना पड़ा क्योंकि जिस होटल में इसे होना है वहां आग लग गई। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में भारत और अंतरराष्ट्रीय सहित कई दिग्गज खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह इस टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण है। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट के निदेशक श्रीनाथ नारायण ने एक्स पर लिखा, 'पिछली रात होटल में आग लग गई जहां चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स होना था। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में भेजा गया है। टूर्नामेंट एक दिन के लिए स्थगित किया जाता है।' खिलाड़ियों को अंततः होटल वापस लाया गया, लेकिन सुरक्षा जांच के बाद टूर्नामेंट एक दिन बाद शुरू होगा।

### समय में नहीं होगा बदलाव

चेसबेस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई के होटल हयात रीजेंसी के नौवें तल्ले पर आग लग गई जिस कारण पूरे होटल में धुआं छा गया और सभी को होटल से बाहर निकाला गया। इस दौरान वहां सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि मैच का समय वही रहेगा, लेकिन अब कार्यक्रम से रेस्ट डे हटाया गया है।

## बुधवार, 06 अगस्त राशिफल

आपके लिए आज का दिन लाभदायक और सकारात्मक रहेगा। आपको दिन की शुभता का पूरा लाभ लेना चाहिए। अगर आप बैंक से लोन लेने के लिए प्रयास कर रहे हैं तो इस काम में भी आपको आज सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिभा और कार्यक्षमता से अधिकारीगण प्रसन्न होंगे।

वृषभ राशि के जातक आज विपरीतलिंगी सहयोगियों और सहकर्मियों की मदद से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपको आज कोई बड़ा मौका भी मिल सकता है। लेकिन आपको आज दूसरों की बातों में आकर धन का निवेश करने से बचना होगा। बिजनेस में लाभ की अच्छी स्थिति रहेगी।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपको आज परिवार से पूरा सपोर्ट मिलेगा और किसी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा।

कर्क राशि के लिए आज ग्रहों की स्थिति बताती है कि आप अपनी मेहनत से सफलता प्राप्त कर पाएंगे लेकिन सेहत को लेकर समस्या बनी रह सकती है। वैसे परिजनों के साथ चल रहा आपका विवाद सुलझ जाएगा। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव रहेगा।

सिंह राशि के जातक आज कूटनीतिक बुद्धि और चतुराई से फायदा उठा सकते हैं। राजनीति और सामाजिक कार्यों से जुड़े जातको का आज प्रभाव और सम्मान बढेगा। लेकिन अतिउत्साह की वजह से कुछ नुकसान होने का भी भय बना रहेगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज बुधवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपना काम पूरा करने के लिए अधिक परिश्रम करना होगा। बिजनेस करने वाले लोगों को जोखिम लेने से बचना चाहिए। नौकरी पेशा जातक आज अपने कार्यों से अधिकारियों को प्रभावित करने में सफल होंगे।

तुला राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज ग्रह गोचर की स्थिति का फायदा मिलेगा। आप किसी काम से यात्रा पर जा रहे हैं तो आपकी यात्रा सफल और सकारात्मक रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों की बातों पर ध्यान देना होगा कोई नया प्रोजेक्ट या काम आपको दिया जा सकता है।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुख सुविधाओं में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपकी राशि से दूसरे भाव में स्थिति चंद्रमा आपको आज आर्थिक मामलों में अप्रत्याशित लाभ दिला सकते है।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन सकारात्मक रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप अपने कुछ लंबित कार्यों को पूरा करने में आज सफल रहेंगे। आपकी जान पहचान का दायरा आज बढ़ेगा और नए संपर्कों से भी आपको आज फायदा होगा।

मकर राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपके घर परिवार का वातावरण आज सुखद और अनुकूल रहेगा। आर्थिक मामले में लाभ होने से आपको आज खुशी मिलेगी। किसी मित्र या सगे संबंधी से मिलने का भी आज संयोग बन सकता है।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज बुधवार का दिन रचनात्मक कार्यो में लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको कोई प्रिय और मूल्यवान वस्तु मिलने का योग भी आज बनता हुआ दिख रहा है। नौकरी में आपका काम आज सुचारू रूप से चलेगा और आपकी रुकी हुई योजनाएं भी आगे बढ़ेंगी।

मीन राशि के लिए आज सितारे बताते हें कि आज का दिन कुछ खचीर्ला रह सकता है। वैसे कामकाज आपका अच्छा चलेगा। काम की तलाश कर रहे लोगों को आज सकारात्मक खबर मिलेगी। सितारे कहते हैं कि आज कोई भी निवेश बहुत सोच-समझकर करें, अन्यथा परेशानी हो सकती है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# जिला पंचायत चुनाव की तैयारी में उतरी आजाद समाज पार्टी, 5000 सदस्य बनाने का लक्ष्य

- आजाद समाज पार्टी कांशीराम युवा मोर्चा ने धनौली और नरीपुरा से सदस्यता अभियान शुरू किया




एनएनआई

**आगरा।** जिला पंचायत चुनाव के मद्देनजर आजाद समाज पार्टी कांशीराम के युवा मोर्चा ने ताजनगरी में सदस्यता अभियान की शुरूआत कर दी है। 5 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 20 अगस्त तक जिलेभर में चलेगा, जिसमें पांच हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान का शुभारंभ धनौली और नरीपुरा क्षेत्रों से किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी सौरभ कुमार चित्तौड़ ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गली-गली, गांव-गांव जाकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि भाई चंद्रशेखर आजाद समाज के दबे-कुचले वर्गों की आवाज बनकर उभरे हैं और यही संदेश हर युवा तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी जिला पंचायत चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और नतीजे चौंकाने वाले होंगे। अभियान के दौरान महानगर अध्यक्ष अरमान उस्मानी, महानगर प्रभारी अनीश उस्मानी, जिला प्रभारी मनीष सोनी, ब्रजकिशोर, रवि सागर, आरिफ उस्मानी, अवदेश, जितेंद्र, रोहित केम, चाहत राणा, सफीक उस्मानी, आविद उस्मानी और शाहिद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनेश्वर मिश्र जयंती पर समाजवादी विचारों को आत्मसात करने का संकल्प

एनएनआई



**आगरा।** फतेहाबाद रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर समाजवादी चिंतक और 'छोटे लोहिया' के नाम से प्रसिद्ध जनेश्वर मिश्र की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा और नि. महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने जनेश्वर मिश्र के जीवन, विचारधारा और संघर्षों को स्मरण करते हुए कहा कि वे सच्चे समाजवादी थे, जिन्होंने हमेशा गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग की आवाज को बुलंद किया। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहते हुए उन्होंने विभिन्न प्रधानमंत्रियों के मंत्रिमंडलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चौधरी वाजिद निसार ने कहा कि मिश्र की नीतियां आज भी समाजवादी मार्गदर्शन का स्रोत हैं। श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि अखिलेश यादव ने लखनऊ में 'जनेश्वर मिश्र पार्क' बनवाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है, जो समाजवादी दर्शन का प्रतीक है। कार्यक्रम में सुरेन्द्र चौधरी, पप्पू यादव, मधुकर अरोरा, पवन प्रजापति, मोनिका नाज खान, राजीव सविता, मनीष जाटव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब का शिक्षा के प्रति समर्प ।
# 1000 स्कूली बैग वितरित करने का संकल्प

### शिक्षा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों को मिला सहयोग

एनएनआई



**आगरा।** रोटरी क्लब ऑफ आगरा द्वारा शिक्षा उदय कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद स्कूली बच्चों को बैग और शिक्षण सामग्री वितरण की शुरूआत विजय नगर कॉलोनी स्थित प्राइमरी स्कूल नया घेर से की गई। इस अवसर पर 170 स्कूली बच्चों को नए बैग और सामग्री भेंट की गई। क्लब अध्यक्ष दीन दयाल अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में समाज सेवा को सदैव तत्पर है।' शिक्षा उदय कार्यक्रम के तहत 1000 बैग शहर के विभिन्न स्कूलों में वितरित किए जाएंगे। पूर्व अध्यक्ष राजीव लोचन भारद्वाज ने बच्चों को नियमित उपस्थिति और स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव जीतेंद्र जैन और समन्वयक विवेक गुप्ता ने किया। वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मण दास अग्रवाल ने विद्यालय को स्मृति चिह्न स्वरूप एक पेंटिंग भेंट की। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू छंगरानी ने रोटरी क्लब के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आशीष अग्रवाल, राज मित्तल, आशीष मित्तल, बी.के. गुप्ता, गुंजन सिंह, संगीता अग्रवाल, पारुल गुप्ता सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

